




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 21 नवम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 83 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# साइबर सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन बनी है बड़ी चुनौती

## न्याय स्वावलंबन और उन्नत भविष्य का आधार बनना चाहिए : योगी


● सीएम ने किया 26वें इंटरनेशनल चीफ जस्टिस सम्मेलन का उद्घाटन



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिटी मांटेसरी स्कूल की कानपुर रोड की शाखा में 26वें इंटरनेशनल चीफ जस्टिस सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन का समापन आज शाम को रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह करेंगे। इस सम्मेलन में 52 देशों के मुख्य न्यायाधीश भाग ले रहे हैं। सिटी मोंटेसरी स्कूल में आयोजित मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन एक बड़ी चुनौती है। हमको भरोसा है कि विश्व एकता और बंधुत्व को लेकर आयोजित यह सम्मेलन विश्व को एक करने में सफल होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने कहा था कि दुनिया को अब एक अधिक न्यायपूर्ण, समावेशी और जवाबदेह वैश्विक प्रणाली की आवश्यकता है। 80 वर्ष पहले की गई इस घोषणा की सार्थकता आज भी उसी रूप में बनी हुई है। उन्होंने कहा कि न्याय न केवल समता का, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन और उनके उन्नत भविष्य का आधार बनना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नए युग में हम सहज और सरल जीवन जी रहे हैं वहीं दूसरी और चुनौतियां भी हमारे सामने हैं, साइबर अपराध बढ़ रहे हैं, जिसे रोकने के लिए हम सबको एक ठोस कदम उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विश्व एकता और शांति के लिए सिटी मांटेसरी स्कूल पिछले 25 वर्ष से जो प्रयास किया जा रहा है वह सराहनीय है। विश्व एकता और बंधुत्व के बहाने हम देश की एकता और अखंडता को कायम रख सकते हैं। इस सम्मेलन के माध्यम से जो भी प्रस्ताव आएगा उसे हम आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम् यानी 'पूरी दुनिया एक परिवार है' यह हजारों वर्ष से भारत की मूल सोच रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह सम्मेलन भारतीय संस्कृति के अनुरूप 'वसुधैव कुटुम्बकम' के भाव को फिर से पूरी दुनिया में मूर्त रूप से प्रस्तुत करने में सफल होगा। उन्होंने विश्व भर से पधारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, न्यायविद् व सभी सम्मानित अतिथि का हार्दिक अभिनंदन करने के साथ कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने विभिन्न देशों की कार्यक्रमों की प्रस्तुति को भी देखा।


### वर्चस्व को लेकर एक-दूसरे की संप्रभुता हड़पने की होड़

उन्होंने कहा कि शिक्षा में इस बात का ध्यान रखना होगा कि बच्चे बस्ते के बोझ से बोझिल न हों। दुनिया में जहां अशांति और अराजकता है। जहां वर्चस्व को लेकर एक-दूसरे की संप्रभुता को हड़पने की होड़ हो, वहां पर शिक्षा, विकास, स्वास्थ्य की बात अपने आप में एक बेमानी सी दिखती है। इसके लेकर हम सभी को यह सोचना चाहिए कि किस स्तर तक की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है।



## मैक्सिको की फातिमा के सिर मिस यूनिवर्स का ताज



**नई दिल्ली।** मैक्सिकन ब्यूटी फातिमा बॉश नई मिस यूनिवर्स बनी हैं। थाईलैंड में आयोजित हुए इस प्रतिष्ठित पेजेंट में दुनियाभर की सुंदरियों में से फातिमा बॉश ने मिस यूनिवर्स का ताज अपने नाम किया। बता दें कि भारत टॉप 12 की रेस से बाहर हो गया। फातिमा का नाम जैसे ही विजेता के रूप में लिया गया और उनके सिर पर इसे सजाया गया, तो मैक्सिकन ब्यूटी के आंसू छलक उठे। यह आंसू उनकी वर्षों की मेहनत, महीनों के धैर्य और अपार खुशी का मिश्रण थे। वे भावुक भी थीं और बेहद खुश भी। रेड कलर के गाउन में वे बेहद खूबसूरत लगीं।

## झारखंड-बंगाल में ईडी का कोयला माफियाओं के 40 ठिकानों पर छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने झारखंड में 18 स्थानों पर छापामारी अभियान शुरू किया है। यह अभियान कोयला चोरी और तस्करी के मामलों से जुड़ी है, जिनमें अनिल गोयल, संजय उद्योग, एलबी सिंह और अमर मंडल के नाम शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, इन मामलों में कोयले की चोरी और बड़ी हेराफेरी शामिल है, जिससे सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये का भारी वित्तीय नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी में नरेंद्र खड़का, अनिल गोयल, युधिष्ठिर घोष, कृष्णा मुरारी कयाल और अन्य से जुड़े परिसरों को भी शामिल किया गया है। यह छापेमारी शुक्रवार की सुबह से जारी है।

## मामूली गिरावट के साथ खुले सेंसेक्स-निफ्टी, रुपये में मामूली बढ़त

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख के बीच दो दिन की तेजी के बाद शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 285.28 अंक गिरकर 85,347.40 अंक पर आ गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 82.6 अंक गिरकर 26,109.55 अंक पर आ गया। वहीं विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पूंजी निवेश के कारण शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में रुपया शुरुआती नुकसान से उबरकर पांच पैसे की मामूली बढ़त के साथ 88.63 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

## 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ज्यादा तेज नहीं चलेगी ट्रेन, लगाया गया सेफ डिवाइस

**गोरखपुर।** कोहरे में पूर्वोत्तर रेलवे रूट पर चलने वाली ट्रेनों की अधिकतम गति 75 किमी प्रति घंटे हो जाएगी। जिन ट्रेनों में फाग सेफ डिवाइस नहीं लगी है, वह अधिकतम 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ही चलेंगी। पूर्वोत्तर रेलवे में ट्रेनों की अधिकतम गति 110 किमी प्रति घंटे है। कोहरे में सुरक्षित ट्रेन संचालन के लिए पूर्वोत्तर रेलवे में कुल 980 फाग सेफ डिवाइस लगाई गई हैं। जिनमें लखनऊ मंडल में 315, इज्जतनगर मंडल में 250 तथा वाराणसी मंडल में 415 फॉग सेफ डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं। फाग सेफ डिवाइस जीपीएस आधारित होती है।

## दिल्ली में सांसों पर संकट जहरीली हवा में घुट रहा दम

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु प्रदूषण एक बार फिर खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीबीसीबी) की आज सुबह की रिपोर्ट के अनुसार राजधानी के ज्यादातर इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। रोहिणी, मुंडका, बवाना समेत कई स्थानों पर एक्यूआई 400 से ऊपर पहुंच गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। विशेषज्ञों के अनुसार यह स्तर आम जनता के स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है और सांस संबंधी बीमारियों, आंखों में जलन, गले में खराश और फेफड़ों पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है।

# खाई में गिरी बस

● महिला की मौत, 25 से ज्यादा घायल



**पटना।** बख्तियारपुर–मोकामा फोरलेन पर शुक्रवार की तड़के बड़ा सड़क हादसा हो गया। अयोध्या से सिमरिया गंगा घाट लौट रही तीर्थयात्रियों से भरी बस बहरपुर गांव के पास अचानक अनियंत्रित होकर 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इसमें एक महिला तीर्थयात्री 60 वर्षीय धनेश्वरी देवी, पति स्वर्गीय मन्नू राम की मौके पर ही मौत हो गई। वह मधुबनी जिला के मधेपुर थाना क्षेत्र के तरडीह गांव की रहने वाली थीं। वहीं 25 यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसा सुबह लगभग 4:30 बजे हुआ। बस (vebyej BR-06-PB-6383) में कुल 40 लोग सवार थे।। जानकारी के अनुसार बस का संचालन वाहन मालिक वैद्यनाथ प्रसाद खुद कर रहे थे। लगातार रातभर यात्रा के दौरान उन्हें झपकी आ गई, जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी गहरी खाई में गिर गई।

## शुभमन गिल नहीं खेलेंगे दूसरा टेस्ट


**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को टीम मैनेजमेंट ने रिलीज कर दिया है। कोलकाता टेस्ट मैच में चोटिल हुए गिल का इसी के साथ दूसरे टेस्ट मैच में न खेलना पक्का है। उनकी जगह ऋषभ पंत कप्तानी करेंगे। ये पहली बार होगा कि पंत किसी टेस्ट मैच में भारत की कप्तानी करेंगे। गिल को कोलकाता टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी के दौरान शॉट खेलते हुए गर्दन में चोट लग गई थी। उनको जकड़न हुई थी जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। वह बीते बुधवार को टीम के साथ गुवाहाटी के लिए रावना नहीं हुए थे जहां शनिवार से दूसरा टेस्ट मैच शुरू हो रहा है।

## बांग्लादेश में भूकंप से तीन की मौत, भारत में लगा झटका

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को कोलकाता समेत बंगाल के कई जिलों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। सुबह 10.10 बजे यह झटका आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.7 मापी गई है। 17 सेकेंड तक धरती डोली। इस भूकंप का केंद्र बांग्लादेश बताया गया है। बांग्लादेश में भूकंप के कारण तीन लोगों की जान गई है। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को बांग्लादेश में 5.7 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। भूकंप 10 KM की गहराई पर आया था।

## संजौली में अवैध मस्जिद में नमाज को लेकर हिंदू संगठनों का प्रदर्शन जारी

**शिमला।** शिमला के संजौली में स्थित अवैध मस्जिद मामले में देवभूमि संघर्ष समिति साथ हिंदू संगठन 21 नवंबर को संजौली में प्रदर्शन करने का एलान किया। देवभूमि संघर्ष समिति का दावा है कि शुक्रवार को संजौली बाजार बंद रहेगा। उन्होंने लोगों से बच्चों को स्कूल न भेजने की अपील की है। पुलिस प्रशासन ने संजौली में सुरक्षा के मद्देनजर पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं।







# घुसपैठियों को बचाने की कोशिश मत कीजिए

## ममता के पत्र पर भड़के अमित शाह

● देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रदूषित होने से बचाने के लिए भी घुसपैठ को रोकना आवश्यक



**नई दिल्ली।** देशभर के अलग-अलग राज्यों में चल रहा विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रकिया को लेकर राजनीतिक टकराव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में पश्चिम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एसआईआर प्रक्रिया को 'अराजक, बलपूर्वक और खतरनाक' बताया। वहीं, इसके ठीक एक दिन बाद गृह मंत्री अमित शाह की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया में बाधा डालकर घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया को खतरनाक बताया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर किए पोस्ट में लिखा, 'भारत में घुसपैठ रोकना न केवल देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रदूषित होने से बचाने के लिए भी घुसपैठ को रोकना आवश्यक है, लेकिन दुर्भाग्य से कुछ राजनीतिक दल इन घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं और वे चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में किए जा रहे शुद्धिकरण के खिलाफ हैं।' गौरतलब है कि गुरुवार को ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखे पत्र में कहा कि एसआईआर 'बेहद चिंताजनक स्थिति' में पहुंच गया है और आरोप लगाया कि यह अभियान 'अनियोजित, खतरनाक' तरीके से चलाया जा रहा है, जिसने 'पहले दिन से ही व्यवस्था को पंगु बना दिया है।'

## IDF ने खोजी हमास की 7 किमी. लंबी सीक्रेट सुरंग

**नई दिल्ली।** इजरायल डिफेंस फोर्स (IDF) ने हाल में एक खुफिया सुरंग खोजी है। गाजा पट्टी में इस सीक्रेट जगह को हमास के शीर्ष कमांडर उपयोग करते थे। यहीं पर हमास के लड़ाकों ने अपने लेफ्टिनेंट हैदर गोल्डिन की लाश को भी रखा था। आईडीएफ का दावा है कि यह वह सुरंग है, जहां पर गोल्डिन की लाश रखी गई थी। इजरायल डिफेंस फोर्स ने कहा कि सुरंग घनी आबादी वाले राफा इलाके के नीचे से होते हुए UNRWA के कंपाउंड, मस्जिदों, क्लीनिकों और किंडरगार्टन से होकर गुजरती है। आईडीएफ का कहना है कि ये खुफिया सुरंग कुल 7 किलोमीटर से अधिक लंबी है और 25 मीटर गहरी है और इसमें 80 कमरे हैं। सुरंग का पता एलीट याहलोम कॉम्बैट इंजीनियरिंग यूनिट और शायेत 13 नेवल कमांडो यूनिट ने लगाया।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 21 नवम्बर, शुक्रवार, 2025 (3)


छाया : जनमुख डेस्क





# विलाप में दब गयी ढोल की आवाज

## स्कार्पियों ने कुचल दिया स्कूटी सवार को, दो दिन बाद था बिटिया का विवाह



● परिवार निढाल, बेटी के करूण क्रंदन से माहौल में घुल गया मातम, पुलिसवालों की भी डबडबायीं आंखें, घटना के बाद भाग निकला स्कार्पियों चालक

**वाराणसी।** कैंट थाना क्षेत्र के कैंटोमेंट इलाके में शुक्रवार की सुबह सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। क्षेत्र स्थित डीआईजी पीएसी कार्यालय के सामने एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने स्कूटी सवार व्यक्ति को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर कैंट पुलिस मौके पर पहुँची तो स्कूटी (UP 65 DA 1221) रोड पर क्षतिग्रस्त हालत में मिली। स्कूटी चालक की पहचान राजेश कुमार गौड़, पुत्र अशोक कुमार गौड़, निवासी बांग्ला नंबर 11 छावनी परिषद सदर बाजार, वाराणसी के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, UP 65 VU 9399) स्कार्पियो ने स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मारी जिससे राजेश कुमार गौड़ गिर पड़े और स्कार्पियो का पहिया उनके सिर पर चढ़ गया। हादसे के बाद स्कार्पियो चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। राजेश गोंड की मौत की खबर मिलते ही उसकी बेटी अंजली, जिसका विवाह 25 नवंबर को होना था, मां और बहन के साथ थाने पहुंची। पिता के मौत की सूचना सुनते ही अंजली सदमे में लड़खड़ाई और वहीं जमीन पर गिर पड़ी। महिला कांस्टेबल स्नेहा पाण्डेय ने उसके चेहरे पर पानी के छींटे मारे और उसे हिम्मत दी। थाने का माहौल कुछ मिनटों के लिए पूरी तरह भावुक हो उठा। जहां एक ओर शादी की तैयारियों में लगा परिवार तो बेटी पिता की मौत से टूट गई।

## बेटे को कार की चाभी देना पिता के लिए बना मुसीबत

● घर बाइक निकाल रहे शख्स को उड़ा दिया

● पुलिस गंभीर धाराओं में दर्ज किया मुकदमा, कार भी सीज

**वाराणसी।** किशोर हाथों में होंडा सिटी कार देना एक पिता को महंगा पड़ गया। तेज रफ्तार होंडा सिटी कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अंश न्यूरो हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पत्नी ने थाना कैंट में सूचना दी तो पुलिस सख्ती दिखाते हुए किशोर के पिता को भी आरोपित बना दिया। पुलिस की यह कार्रवाई उन अभिभावकों के लिए बड़ा संदेश है, जो लाड़-प्यार में बच्चों को गाड़ियों की चाबी पकड़ा दे रहे हैं। कैंट थाना क्षेत्र के सिकरौल निवासी श्याम नारायण सेंट्रल जेल रोड पर रहते हैं। वह 16 नवंबर का अपने घर से बाइक निकाल रहे थे, तभी तेज रफ्तार होंडा सिटी कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। आरोपित किशोर के पिता को भी मुकदमे में आरोपी बनाया गया है। यह कार्रवाई मोटरयान अधिनियम के तहत की गई है। फिलहाल होंडा सिटी कार को सीज कर दिया गया है।

# कोहरे का दौर शुरू



● अधिकतम तापमान 28.3°C न्यूनतम 13.0°C दर्ज किया गया

**वाराणसी।** वाराणसी और आसपास के इलाकों में कोहरे का मौसम शुरू हो गया है। पूर्वांचल में तापमान बढ़ने के बावजूद सुबह कोहरा छाया रहता है। वातावरण में नमी बढ़ गई है, हालांकि मौसम विभाग ने कोई चेतावनी जारी नहीं की है। पिछले 24 घंटों में तापमान सामान्य से थोड़ा कम रहा, लेकिन कोहरे के कारण सुबह के समय मुश्किलें बढ़ गई हैं। आने वाले दिनों में कोहरे का असर बढ़ने की संभावना है। वातावरण में नमी का दौर भी बढ़ा है। हालांकि मौसम विभाग की ओर से किसी प्रकार का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। बीते चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान 28.3°C दर्ज किया गया जो सामान्य से 0.9 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम 13.0°C दर्ज किया गया जो सामान्य से 1.3 कम है। न्यूनतम आर्द्रता 63 प्रतिशत और अधिकतम 92 फीसद दर्ज किया गया। जबकि वातावरण में नमी में इजाफा होने की वजह से ठंड का असर कुछ कम हुआ है लेकिन कोहरे का असर दिखने लगा है।

## शिवेश शर्मा ने CBSE नेशनल कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता

**वाराणसी।** वाराणसी के ग्रीन वैली इंग्लिश स्कूल वाराणसी के छात्र शिवेश शर्मा ने CBSE नेशनल कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। इस चैंपियनशिप में देशभर के 300 विद्यालयों ने भाग लिया, जिसमें शिवेश ने अंडर 19 वर्ष वेट कैटेगरी (-62 Kg) में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। शिवेश ने पूरे मैच के दौरान चैंपियनशिप के दौरान असाधारण कौशल, आत्मविश्वास और अनुशासन का परिचय दिया। उनकी यह सफलता उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है, साथ ही उनके कोचों और विद्यालय के मेंटर्स द्वारा दिए गए उत्कृष्ट प्रशिक्षण का भी प्रमाण है। स्वर्ण पदक जीतने के बाद, शिवेश की पहचान शहर ही नहीं बल्कि देश भर में और भी बढ़ गई है। उन्हें अब प्रतिष्ठित SGFI नेशनल गेम्स के लिए भी चयनित किया गया है, जहाँ वे नई ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ भाग लेंगे। बताया कि वह अब आगे के लिए और बेहतर तैयारी कर रहे हैं।

## रोहनिया MLA की कोशिशें रंग लायीं



● उप निबंधक कार्यालय गंगापुर के नवीन भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोहनिया विधायक डा. सुनील पटेल के अथक प्रयास से नगर पंचायत गंगापुर में गुरुवार को उत्तर प्रदेश स्टांप एवं निबंधन विभाग द्वारा 228.95 लाख रुपए लागत की उपनिबंधक कार्यालय गंगापुर के नवीन भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन मुख्य अतिथि प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल तथा विधायक डॉ सुनील पटेल ने हवन पूजन के साथ भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के दौरान स्टांप मंत्री ने फावड़ा चलाकर एवं नीव हेतु ईट रखने के उपरांत शीलापट्ट का अनावरण किया। इस दौरान मंत्री ने कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्तापूर्वक समय सीमा में काम पूरा करने की सख्त हिदायत दी।

## स्वदेशी आंदोलन 'दशा व दिशा' पर संगोष्ठी

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** पूर्वांचल मूवमेंट एवं बहुजन समता पार्टी के संयुक्त बैनर तले राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश आजाद के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को भेलूपुर स्थित पार्टी कार्यालय में पूर्वांचल स्वदेशी आन्दोलन जनजागरण मिशन की शुरूआत की गयी जिसके अन्तर्गत स्वदेशी आंदोलन 'दशा और दिशा' विषयक संगोष्ठी आयोजित की गयी। संगोष्ठी में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश आजाद ने पूर्वांचल राज्य गठन की वकालत करते हुए कहा कि अब तक की सरकारों ने साजिशन पूर्वांचल जिलों को अति पिछड़ेपन, बेरोजगारी, गरीबी, पलायन और अपमान की आग में झुलसाने के अलावा कुछ नहीं किया है। विकास का जो ढिंढोरा भाजपा सरकार द्वारा पीटा जा रहा है वह महज दिखावे के अतिरिक्त कुछ नहीं है। संगोष्ठी में तिलकराज कपूर, एच.सी. श्रीवास्तव, चिन्मय चटर्जी, चिन्मयानंद, कुमार हेमंत, रश्मि चित्रांशी, डा. रश्मि अग्रवाल, अंजना श्रीवास्तव, शंकर श्रीवास्तव, रामकृष्ण दूबे, सुजात रामनगरी, रेखा श्रीवास्तव, नीताधर आदि की उपस्थिति रही।

## सरदार पटेल की जयंती पर स्टांप मंत्री की अगुवाई में निकली पदयात्रा




● भाजपा पदाधिकारियों ने की भागीदारी

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विधानसभा शहर उत्तरी के विधायक एवं प्रदेश सरकार के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में गुरुवार को पदयात्रा का आयोजन किया गया। जो मलदहिया चौराहा स्थित लोह पुरुष वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विभिन्न मार्गों से होते हुए लहुराबीर चौराहे, संपूर्णानंद विश्वविद्यालय, तेलियाबाग होते हुए पटेल धर्मशाला पर पहुंची और सभा में परिणित हुआ। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में शामिल जनसामान्य के अलावा महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, अरविंद सिंह, जगदीश त्रिपाठी, ओ.पी.सिंह सहित समस्त मंडल अध्यक्ष पार्षद एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विश्व मधुमेह दिवस पर एनसीडी सेक्रेटरिएट के बैनर तले रमना में लगा स्वास्थ्य शिविर



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विश्व मधुमेह दिवस 2025 के उपलक्ष्य में एनसीडी सेक्रेटरिएट के बैनर तले, एंटी-माइक्रोबियल स्टयूवर्ड टीम तथा दंत संकाय (Dental Faculty) के सहयोग से रमना गाँव, वाराणसी में एक दिवसीय ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ (IMS), बीएचयू के निदेशक प्रोफ. एस.एन. सांखवार तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO), डॉ. संदीप चौधरी ने उपस्थित रहे। एनसीडी सेक्रेटरिएट के संयोजक प्रो. संगीता कंसल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हाईपरटेंशन नियंत्रण की चुनौती को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। यह संकेत देता है कि ज्ञात मरीजों में उपचार अनुपालन और नियमित मॉनिटरिंग की और ज्यादा ज़रूरत है।

## 'संतुष्टि साड़ी' के प्रोपराइटर का निधन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** दशाश्वमेध पंचायत के सदस्य संतुष्टि साड़ी के प्रोपराइटर और सुविधा साड़ी के अधिष्ठाता अमित शेवारमानी के बड़े पिता केशव दास शेवारमानी का कल दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा आज शुक्रवार को शाम 4 बजे उनके निवास स्थान गुरुबाग से निकली जिसमें नगर के विशिष्टजनों सहित अन्य गणमान्य नागरिक शामिल रहे।




## ट्रांसजेंडरों का कॉलेज तक पहुंचना बड़ी बात

● बनारस क्वीयर प्राइड ने किया ट्रांसजेंडर स्मरण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** ट्रांसजेंडर स्मरण दिवस के अवसर पर बनारस क्वीयर प्राइड द्वारा गुरुवार को एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सम्मानपूर्वक स्मरण करना था, जिन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव, हिंसा और अस्वीकार्यता के कारण अपने जीवन खो दिया। संचालन अनन्या मिथि द्वारा किया गया। शुरुआत उन ट्रांसजेंडर्स की स्मृति में मोमबत्ती जलाकर की गई जो अपने पहचान के साथ जीने की कीमत चुकाकर इस दुनिया से चल बसे। चंद्रमल्लिका ने आनलाइन माध्यम से जुड़कर ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के साथ होने वाली रैगिंग और साइबर हिंसा को लेकर अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा 'ट्रांसजेंडरों का कालेज तक पहुंचना ही बहुत बड़ी बात है। उसके बाद भी रैगिंग का सामना करना पड़ता है और धीरे धीरे यहीं डिप्रेशन में बदल जाता जो बाद में खुदकुशी का कारण बनता है।' इस मौके पर ट्रांसजेंडर लेखिका ग़ज़ल द्वारा निर्देशित ट्रांसजेंडर समुदाय के जीवन और संघर्ष पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। इसके उपरांत विचार-सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने बिना झिझक अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। कार्यक्रम के समापन पर आर्या ने धन्यवाद व्यक्त किया। इस आयोजन में बनारस क्वीयर प्राइड के साथ प्रिज्मैटिक फाउंडेशन, एशियन ब्रिज इंडिया, ड्रीम अलाइव, भगतसिंह छात्र मोर्चा तथा सारनाथ थाने का भी विशेष सहयोग रहा।

जनमुख परामर्श मंडल : एस. कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज, श्रीनारायण खेमका, अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, वी.के.जैन, अध्यक्ष-जैन मिलन, वाराणसी, डा. एस.के.पाठक वरिष्ठ चिकित्सक, डा. नीलम ओहरी स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रधान सम्पादक ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा', समाचार सम्पादक सरोज सिन्हा, स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित। रजि.33134/78. फोन : 0542-2500324 9336929544, Email : janmukh.vns@gmail.com

# मीरजापुर समाचार

## घर के पास बाइक घुमाते समय घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत



**मीरजापुर।** चील्ह-गोपीगंज मार्ग पर अनिरुद्धपुर पुरबपट्टी गांव के पास बुधवार की दोपहर दो बाइक की टक्कर में घायल लखंदर गौतम की उपचार के दौरान मौत हो गई। चील्ह थाना क्षेत्र के अनिरुद्धपुर पूरब पट्टी गांव निवासी लखंदर गौतम (47) बुधवार को चील्ह से घर जा रहे थे। घर के पास बाइक मोड़ रहे थे कि पीछे से आ रहे बाइक सवार अजीत (35) व विजय (38) निवासी मेवली से टक्कर हो गई। इससे तीनों लोग घायल हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर पीएचसी चील्ह भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया। लखंदर गौतम की हालत गंभीर होने पर परिजन उपचार के लिए भदोही के जीवनदीप अस्पताल ले गए। लखंदर गौतम की स्थिति नाजुक होने पर बुधवार की देर रात 10 बजे चिकित्सकों ने उन्हें वाराणसी ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बीएचयू ट्रामा सेंटर पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# आजमगढ़ समाचार

## चार पहिया वाहन और ऑटो की टक्कर में एक की मौत

**निजामाबाद।** थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव के पास बुधवार की रात्रि ऑटो और चार पहिया वाहन की टक्कर में धनिया कुड़ी गांव निवासी पलकधारी (42) की इलाज के दौरान मौत हो गई। तहबरपुर थाना क्षेत्र के धनिया कुड़ी गांव निवासी पलक धारी किसी काम से वाराणसी गए हुए थे। बुधवार की रात में वह वाराणसी से वापस घर आते समय रानी की सराय में बस से उतरे और ऑटो पकड़कर निजामाबाद की तरफ आ रहे थे कि तभी विपरीत दिशा से आ रहे चार पहिया वाहन और ऑटो की टक्कर हो गई। इसमें ऑटो में बैठे पलकधारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की सहायता से जिला चिकित्सालय भेज दिया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# सोनभद्र समाचार

## पैर फिसलने से तालाब में गिरा युवक, डूबने से मौत

**रामगढ़।** पन्नूगंज थाना क्षेत्र के गुल्लीडाढ़ गांव में बृहस्पतिवार को तालाब में डूबने से अजीत बिंद (19) की मौत हो गई। तालाब में पानी भरने के दौरान पैर फिसलने से वह डूब गया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सैदा गुल्लीडाढ़ निवासी अजीत बिंद (19) अपने खेत पर खुदे तालाब में पानी लेने गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से पानी में चला गया। परिवार के लोग उसे डूबते देख दौड़कर वहां पहुंचे। आनन-फानन उसे बाहर निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चतरा ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान अपराह्न करीब तीन बजे उसकी मौत हो गई। परिजन अजीत के शव को लेकर घर चले आए और पुलिस को सूचना दी। अजीत तीन भाइयों में सबसे छोटा था। एसओ अखिलेश मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

## सामूहिक विवाह के लिए शादीशुदा जोड़ों ने भी किया आवेदन

**सोनभद्र।** सीएम सामूहिक विवाह योजना के तहत 466 निर्धन कन्याएं 25 नवंबर को डायट परिसर में शादी के बंधन में बंधेंगी। विवाह के लिए प्राप्त आवेदनों में कई अपात्र पाए गए हैं। कई ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जिसमें शादीशुदा लोग भी सामूहिक विवाह के जरिये सरकारी लाभ पाने की जुगत में लगे हुए थे। जांच के बाद ऐसे आवेदनों को निरस्त कर दिया गया है। इस बार सरकार ने जोड़ों को दिए जाने उपहार (लाभार्थी को दी जाने वाली धनराशि और सामग्री) के मद में खर्च की सीमा 51 हजार से बढ़ाकर एक लाख कर दी है।

# देवरिया समाचार

## सरदार पटेल की जयंती पर सलेमपुर में निकली एकता यात्रा

**सलेमपुर।** विधानसभा में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस पदयात्रा का नेतृत्व जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम रहीं। पदयात्रा नवलपुर से शुरू हुई तथा सलेमपुर मुख्य मार्ग स्थित डाक बंगले पर समाप्त हुई। इस यात्रा में हजारों की संख्या में लोग तथा विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राएं एवं स्काउट गाइड्स भी शामिल हुए।

राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने सरदार पटेल के कार्यों की चर्चा की। पूर्व सांसद रवींद्र कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# सुल्तानपुर समाचार

## सर्दी जुकाम के साथ बढ़ रहे बीपी के मरीज



**सुल्तानपुर।** ठंड बढ़ते ही बीमारियों के प्रकोप से अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है। पंजीयन काउंटर से लेकर ओपीडी तक मरीजों की लाइन लग रही है। सर्दी, जुकाम, बुखार के मरीज के अलावा उच्च रक्तचाप के मरीज बढ़ गए हैं। सबसे अधिक समस्या दवा लेने के लिए हो रही है। मौसमी बीमारियों से बचने के लिए चिकित्सक सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। मौसम में बढ़ी ठंड का सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। ठंडी हवा और गिरते तापमान के कारण वायरल बुखार का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है। दिन में धूप और रात में बढ़ती ठंड से बृहस्पतिवार को ओपीडी में लगभग 300 से अधिक सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज पहुंचे। आम दिनों में फिजिशियन की ओपीडी में उच्च रक्तचाप (बीपी) के 10 से 15 मरीज ही आते थे, लेकिन ठंड बढ़ने के बाद संख्या 30 से 35 पहुंच गई है। फिजिशियन डॉ. एसी गुप्ता ने बताया कि इस समय वायरल फीवर के अधिकतर मरीज बच्चे और बुजुर्ग हैं। तेज बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द, गले में खराश, खांसी और जुकाम इसके सामान्य लक्षण हैं।

# जौनपुर समाचार

## बाजार में व्यापारियों ने समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

**जौनपुर।** केराकत बाजार में शुक्रवार को व्यापारियों की बैठक में बाजार व्यवस्था, व्यापारिक समस्याओं व ग्राहकों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान शामिल व्यापारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से रखते हुए प्रशासन से तत्काल सुधार की मांग की। कपड़ा व्यवसायी अरुण कमलापुरी ने बताया कि बिजली की अनियमित सप्लाई से दुकानों का कामकाज बुरी तरह प्रभावित होता है।

पूरे दिन इनवर्टर पर दुकान चलाना बेहद मुश्किल है। त्योहारों के बाद ग्राहकों की भीड़ बढ़ने के बावजूद महंगाई के चलते बिक्री में कमी आई है। जनरल स्टोर व्यापारी अवधेश कुमार गुप्ता ने कहा कि बाजार में पार्किंग की सुविधा न होने से सबसे अधिक परेशानी होती है। लगातार जाम रहने से ग्राहक रुकना नहीं चाहते, जिससे व्यापार प्रभावित होता है।

# गोरखपुर समाचार

## सड़क पार करते समय ट्रेलर ने मारी टक्कर, टीचर की मौत



**गोरखपुर।** बड़हलगंज स्थित सुर्तीहवा चौराहे के निकट राम जानकी मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय शिक्षिका रिया दुबे की मौके पर ही मौत हो गई। रिया दुबे बड़हलगंज के ग्राम नीबी सैनी निवासी किसान श्याम नारायण दुबे की बेटी थीं और एक निजी स्कूल में पढ़ाती थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रिया सड़क पार कर रही थीं, तभी एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर बड़हलगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना में शामिल ट्रेलर वाहन को पुलिस ने जब्त कर चौकी में सुरक्षित खड़ा करवा लिया है। थाना बड़हलगंज प्रभारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस दुर्घटना के कारणों, जैसे लापरवाही या तेज रफ्तार, का पता लगाने का प्रयास कर रही है। चालक की पहचान और उसकी जिम्मेदारी तय करने के लिए सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी जुटाए जा रहे हैं। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। रिया दुबे के परिवार ने पुलिस प्रशासन से दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## गर्लफ्रेंड से बात करने पर NEET छात्र का अपहरण

**गोरखपुर।** 'मैं कोचिंग से जैसे ही बाहर निकला, मुझे 3 लोगों ने कार के अंदर खींच लिया। इसके बाद कार दौड़ा दी। मैंने शोर मचाने की कोशिश की तो चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने कहा- लड़की से बात करेगा, जिससे बात करता है, वो मेरी गर्लफ्रेंड है। मेरा गला दबाया। लात-घूंसे मारे। मेरे चेहरे पर करीब 20 थप्पड़ मारे। 30 मिनट तक चलती कार में आरोपी मुझे टॉर्चर करते रहे। पुलिस ने जब घेराबंदी की तो मुझे रेल म्यूजियम के पास फेंक कर भाग गए।' उसने बताया कि आरोपियों ने मुझसे कहा- अगर मैंने उस लड़की से बात करना बंद नहीं की तो वह लोग मुझे जान से मार डालेंगे। मैं उनसे हाथ जोड़कर माफी मांगता रहा। मगर वह नहीं माने। लगातार मुझे पीटते रहे। वहीं पुलिस ने 45 मिनट में छात्र को सुरक्षित बरामद कर लिया।

# चंदौली समाचार

## दुबई कमाने गए युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**धानापुर।** क्षेत्र के नरौली गांव में बृहस्पतिवार को उस समय मातम छा गया जब दुबई में सड़क दुर्घटना में मृत बलजीत निषाद (23) का शव गांव पहुंचा। घर के दरवाजे पर जैसे ही एंबुलेंस रुकी, परिजनों के रोने-बिलखने की आवाज से पूरा माहौल गमगीन हो उठा।

गरीब परिवार के युवक की मौत ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। नरौली गांव निवासी रामबली निषाद का पुत्र बलजीत 11नवंबर को दुबई रोजगार के लिए गया था। दुबई पहुंचने के मात्र चार दिन बाद 14 नवंबर को वह दुबई में एक भीषण सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी गांव में पहुंचते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

बलजीत दो भाइयों में सबसे बड़ा था। घर की ज़िम्मेदारियां उसी पर थीं इसलिए वह दुबई काम करने गया था। शव के गांव पहुंचने के बाद मातम पसर गया।

# मऊ समाचार

## बाइक ने साइकिल में मारी टक्कर, सब्जी व्यवसायी की मौत

**रामपुर बेलौली।** मधुबन थाना क्षेत्र के बनकटा गांव के मोड़ पर बृहस्पतिवार की दोपहर तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी।

हादसे में बनकटा गांव निवासी सब्जी व्यवसायी जगदीश मद्धेशिया (65) की मौके पर मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जगदीश मद्धेशिया दोपहर उंदुरा की तरफ से मधुबन-दोहरीघाट मार्ग से होते हुए अपने घर जा रहे थे। पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी।

जगदीश सड़क पर गिर गए और उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। जगदीश की मौत की सूचना मिलते ही रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर उपजिलाधिकारी राजेश अग्रवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव भेजवाया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों बाइक सवार जगदीश के मौत की सूचना मिलते ही परेशान हो गए। अस्पताल के बाहर एंबुलेंस रुकते ही पुलिस कार्रवाई की डर से दोनों घायल बिना इलाज कराए ही भाग गए।

कुछ देर बाद पुलिस बाइक सवार युवकों के घर पहुंची, लेकिन वो वहां नहीं मिले। थानाध्यक्ष, राजीव सिंह ने बताया कि बेटे राहुल कुमार गुप्ता की तहरीर पर मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

दोनों बाइक सवारों को एंबुलेंस से अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया था, लेकिन उन्होंने वहां उपचार नहीं कराया है। बाइक सीज कर थाने में खड़ी की गई है। बाइक नंबर के आधार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बलिया समाचार

## सड़क हादसों में बाइक व कार सवार युवकों की मौत, चार घायल

**रसड़ा ( बलिया )।** कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को दो जगहों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। चार लोग घायल हो गए। कोतवाल योगेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि रसड़ा-मऊ मार्ग स्थित गढ़िया रेलवे क्रॉसिंग बंद थी। इसी दौरान मऊ की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही कार अनियंत्रित होकर खड़े ट्रेलर में टकरा गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व आरपीएफ चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक महिपाल सिंह ने कार में फंसे तीन लोगों को बाहर निकाला और सीएचसी भेजा।

गाजीपुर के थाना करीमुद्दीनपुर के पिउली गांव निवासी अतीउर रहमान (25), इश्तियाक अहमद (27) व मुजाहिद (25) किसी वैवाहिक उत्सव से घर जा रहे थे। रेलवे क्रॉसिंग पर हादसा हो गया। दुर्घटना में अतीउर रहमान की मौत हो गई। चिकित्सक ने इश्तियाक अहमद व मुजाहिद की हालत गंभीर देख रेफर कर दिया।

# प्रयागराज समाचार

## मर्चरी का गजब हाल - पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को दे दिया दूसरे का शव



**प्रयागराज।** स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल (एसआरएन) के पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारियों की लापरवाही आए दिन लोगों को आश्चर्य चकित करती है। इनकी लापरवाही के चलते दुखी परिजनों की परेशानी और भी बढ़ जाती है। ताजा मामला बृहस्पतिवार का है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को दूसरा शव देने के कारण दिन भर हलचल मची रही। परिजनों ने इस पर काफी आक्रोश जताया। कहा कि शव को लाने वाले परिजनों से चीरफाड़ के लिए 800 रुपये और पैकिंग करने का 300 रुपया लिया जाता है, जबकि यहां पर कई जगह दीवारों पर लिखा गया है कि व्यवस्था निःशुल्क है। 1400 जमा कराने के बाद यहां के कर्मचारी शव को पोस्टमार्टम के लिए अंदर ले जाते हैं। नहीं तो पूरा दिन बीत जाएगा पीड़ित परिवार अधिकारियों के दफ्तर का चक्कर काटता रहता है लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। खागा फतेहपुर के रहने वाले जितेंद्र केसरी (40) रेलवे में गैंगमैन थे। 18 नवंबर को हादसे में घायल हो गए थे।

परिवार के लोग उपचार के लिए प्रयागराज ला रहे थे लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी तरह जौनपुर के मी-रगंज सतहरिया के रहने वाले अवेश कुमार उमरवैश्य (57) सड़क हादसे में घायल हो गए। उनका उपचार एसआरएन में चल रहा था। कई दिनों जीवन और मौत के बीच संघर्ष करते हुए बृहस्पतिवार को उनकी जान चली गई। दोनों शवों को पोस्टमार्टम करने के लिए मर्चरी के कर्मचारियों ने 1100-1100 रुपया जमा कराया। पोस्टमार्टम करने के बाद अवधेश के शव को फतेहपुर से आए मृतक गैंगमैन के परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन शव को लेकर चले गए। कुछ देर बाद पहुंचे जौनपुर के अवधेश के परिजनों गैंगमैन जितेंद्र का सौंप सुपुर्द कर दिया। कुछ शंका होने पर परिजनों ने जब चेहरे से कपड़ा हटाकर देखा तो सन्न रह गए। यह अवधेश का शव था ही नहीं यह दूसरे का शव निकला। इससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। फोन करके पता किया गया तो बताया गया कि फतेहपुर वाले लोग शव को लेकर सुलेमसराय धूमनगंज पहुंच चुके हैं। जानकारी होने पर वह लौटकर आए और सही शव को लेकर रवाना हुए।

# भदोही समाचार

## विकास कार्यों में नहीं हो देरी : एके शर्मा



**ज्ञानपुर।** सूबे के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने बृहस्पतिवार को राजकीय गेस्ट हाउस में हुई कोर कमेटी की बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी हाल में देरी नहीं होनी चाहिए। प्रभारी मंत्री के सामने जिला प्रशासन, नगर विकास, ऊर्जा, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, पेयजल, सिंचाई और अन्य विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यों की वर्तमान स्थिति, प्रगति एवं चुनौतियों का विवरण प्रस्तुत किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिन योजनाओं का सीधा संबंध जनता की सुविधा और क्षेत्र के विकास से है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति से पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी या लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने ऊर्जा विभाग की योजनाओं, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण, शहरी सुविधाओं, विद्युत वितरण, स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसलिए प्रत्येक विभाग परिणाम आधारित कार्यशैली अपनाएं। इस मौके पर जिपं अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, औराई विधायक दीनानाथ भाष्कर, पूर्व विधायक रविंद्रनाथ त्रिपाठी, डीएम शैलेष कुमार, एसपी अभिमन्यु मांगलिक, सीएमओ डॉ. संतोष कुमार चक आदि मौजूद रहे।

# गाजीपुर समाचार

## सर्दी से बढ़े हार्ट अटैक और ब्रेन हेमरेज के केस



**गाजीपुर।** बढ़ती ठंड के कारण हार्ट अटैक, ब्रेन हेमरेज और गंभीर सर्दी-जुकाम के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (CMS) डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि ठंड में रक्त नलिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे इन बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों को विशेष सतर्कता बरतने और किसी भी लक्षण को गंभीरता से लेने की सलाह दी है।

डॉ. सिंह के अनुसार, सर्दी के दौरान सीने में दर्द, सांस फूलना, तेज सिरदर्द, शरीर में कमजोरी, बोलने में कठिनाई और सुन्नपन जैसे लक्षण दिखने पर तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि तापमान में गिरावट से सामान्य सर्दी-जुकाम के साथ-साथ न्यूरोलॉजिकल और कार्डियक संबंधी समस्याएं भी तेजी से बढ़ती हैं।

इसलिए, बुजुर्गों और पहले से किसी बीमारी से ग्रस्त मरीजों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। डॉ. राजेश सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि लोग अक्सर मामूली तकलीफ में मेडिकल स्टोर से स्वयं दवा ले लेते हैं या अप्रशिक्षित चिकित्सकों से परामर्श करते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक हो सकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना उचित जांच और योग्य डॉक्टर की सलाह के किसी भी बीमारी की दवा न लें। गंभीर बीमारियों की समय रहते रोकथाम और सही उपचार के लिए जिला अस्पताल या किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सक से ही जांच और इलाज कराएं।

## पानी से भरे गड्ढे में गिरकर वृद्ध की मौत

**गाजीपुर।** खानपुर में शुक्रवार सुबह पानी से भरे एक गड्ढे में डूबने से एक वृद्ध की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दुखद हादसे के बाद मृतक के गांव और घर में मातम पसरा हुआ है। मृतक की पहचान मौधा चौकी क्षेत्र के लौलहा निवासी 84 वर्षीय बलिराम राम पुत्र स्व. हरदेव राम के रूप में हुई है। शुक्रवार की सुबह करीब तीन बजे बलिराम अपने घर से निकले थे। परिजनों का कहना है कि वे बिना किसी को बताए घर से बाहर गए थे। घंटों की खोजबीन के बाद उन्हें अठगांवा नायकडीह मार्ग पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास पाया गया। बताया जा रहा है कि शौच करने के बाद वे गड्ढे के किनारे पहुंचे और फिसलकर पांच फुट गहरे पानी से भरे गड्ढे में गिर गए। कुछ लोगों ने उन्हें गड्ढे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# लाइफ मंत्र

## देव कृपा प्राप्ति के लिए अत्यंत शुभ दिन है 26 नवंबर 2025



हिंदू परंपरा में मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि का अत्यंत विशेष महत्व है। इस दिन मनाया जाने वाला (Champa Shashti) चंपा षष्ठी (Skanda Shashti) भगवान कार्तिकेय, स्कंद और (Khandoba Shashti) खंडोबा देव को समर्पित माना जाता है। भगवान शिव और माता पार्वती के वीर पुत्र कार्तिकेय को शक्ति, साहस और आध्यात्मिक बल का देवता कहा गया है। वहीं महाराष्ट्र और कर्नाटक में इसी दिन Khandoba Puja 2025 खंडोबा बाबा की भव्य पूजा होती है, जिन्हें मार्तण्ड भैरव का स्वरूप माना गया है।

**चंपा षष्ठी 2025 कब है?**

पंचांग के अनुसार वर्ष 2025 में चंपा षष्ठी बुधवार, 26 नवंबर 2025 को मनाई जाएगी।

**षष्ठी तिथि प्रारंभः** 25 नवंबर 2025, रात्रि 10:55 बजे

षष्ठी तिथि समाप्तः 26 नवंबर 2025, प्रातः 11:55 बजे

इसी शुभ अवधि में भक्त व्रत, ध्यान और विशेष पूजा संपन्न करते हैं।

**चंपा षष्ठी का धार्मिक महत्व**

चंपा षष्ठी को पापों का क्षय, शांति और देव कृपा प्राप्ति का अत्यंत शुभ दिन माना जाता है। भगवान कार्तिकेय की पूजा से ऊर्जा, साहस और परिवारिक सुरक्षा मिलती है। खंडोबा देव की आराधना से ऋण, रोग और क्लेश दूर होने की मान्यता है। शिवजी को चंपा के पुष्प अर्पित करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सूर्योदय के समय सूर्यदेव को अर्घ्य देने से जीवन में तेज, स्वास्थ्य और सफलता बढ़ती है। भूमि पर शयन करने से शरीर का वात संतुलित होता है और मन शुद्ध होता है। चंपा षष्ठी कई क्षेत्रों में स्कंद षष्ठी की तरह भी मनाई जाती है, जहां भगवान स्कंद की विजय कथा का विशेष पाठ किया जाता है।

**चंपा षष्ठी 2025 पूजा विधि**

**पूजा की तैयारी**

प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें। पूजा स्थल को साफ कर लाल या पीले वस्त्र बिछाएं।

भगवान कार्तिकेय या खंडोबा देव की मूर्ति स्थापित करें।

**कलश स्थापना**

तांबे या मिट्टी के कलश में शुद्ध जल भरें।

आम के पत्ते और नारियल रखें।

दीपक और धूप जलाएं।

**पूजा प्रक्रिया**

व्रत और पूजा का संकल्प लें।

चंपा फूल, अक्षत, रोली, नारियल, पंचामृत और चंदन अर्पित करें।


कार्तिकेय स्तोत्र, स्कंद चालीसा या खंडोबा आरती पढ़ें।

आरती के बाद चंपा षष्ठी की कथा सुनें या पढ़ें।

**अंत में प्रार्थना**

भगवान से परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति की कामना करें।

## बीच लवर्स के लिए 5 बेस्ट डेस्टिनेशंस, अपनी ट्रिप को बनाएं यादगार



एक बीच लवर को लहरों की आवाज, पैरों के नीचे मुलायम रेत और दूर-दूर तक नीला आसमान मन को सुकून दे देता है। बीच वेकेशन रिलैक्सेशन प्रदान करता है साथ ही एडवेंचर, नेचर और खूबसूरत सनसेट्स के नजारे देखकर मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। यदि आप भी बीच लवर है और आपको भी समुद्र किनारे छुट्टी मनाने का एक अलग ही एहसास लगता है, तो यह लेख सिर्फ आपके लिए है। एक बीच लवर को लहरों की आवाज, पैरों के नीचे मुलायम रेत और दूर-दूर तक नीला आसमान मन को सुकून दे देता है। बीच वेकेशन रिलैक्सेशन प्रदान करता है साथ ही एडवेंचर, नेचर और खूबसूरत सनसेट्स के नजारे देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। दुनिया में कई ऐसे समुद्र स्थल जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, लग्जरी लाइफ के लिए जाना जाता है। चाहे आप पार्टी-लविंग ट्रैवलर हों, शांत वेकेशन पसंद करते हों या वॉटर स्पोर्ट्स के शौकीन हों, तो इन बीच डेस्टिनेशन्स पर जरुर जाएं। आइए आपको बताते हैं 5 बेस्ट बीच प्लेसेज, जहां आपको लाइफ में एक बार जरुर जाना चाहिए।

**मालदीव**

दुनिया का सबसे रोमांटिक और शांत बीच डेस्टिनेशन्स में से मालदीव एक है। मालदीव में क्रिस्टल-क्लियर पानी, ओवरवॉटर विला और लग्जरी रिजॉर्ट्स हर ट्रैवलर का सपना होते हैं। स्नॉर्केलिंग, डाइविंग और अंडरवॉटर डाइनिंग के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। कपल्स के लिए यह शानदर जगह है।

**गोवा, इंडिया**

भारत का सबसे ज्याद बीच वाल राज्य गोवा को पसंद किया जाता है। यहां पर हर मौसम में पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। यहां पर बागा, अंजुना, पालोलेम और कोलवा जैसे बीच खूबसूरती के साथ ही रोमांचक वॉटर स्पोर्ट्स भी ऑफर करते हैं।

**बाली, इंडोनेशिया**

बाली की बीच लाइफ बेहद ही सुंदर है। यहां के शांत सनसेट्स देखने का एक अलग ही मजा आता है। नूसा दुआ, जिम्बरन, सेमिन्याक और उलुवाटू जैसे बीच एकदम परफेक्ट है। बाली में योग, स्पा और कैफे-कल्चर का सबसे बेस्ट अनुभव मिलता है, जो इसे फेवरेट बीच डेस्टिनेशन बनाता है।

**सेशेल्स**

बीच डेस्टिनेशन सेशेल्स एक शानदार जगह है। यहां पर प्रिस्टीन व्हाइट सैंड और नीले लैगून्स के लिए जाना जाता है। यह जगह लग्जरी ट्रैवलर्स और हनीमून कपल्स के लिए किसी सपने जैसी डेस्टिनेशन है।

**अंडमान-निकोबार**

भारत के अंडमान द्वीप समूह राधानगर और एलिफेंट बीच जैसे शांत और सुंदर समुद्र तटों के लिए जाना जाता है। यहां की कोरल रीफ्स, ग्लास-बॉटम बोट राइड्स और स्कूबा डाइविंग का शानदार अनुभव देता है।



## वीकेंड्स पर बनाएं जयपुर घूमने का प्लान, 3 दिन की ट्रिप बेहद शानदार रहेगी, एक्सप्लोर करें ये जगहें

**2025 में जयपुर दुनियाभर के टॉप शहरों की लिस्ट में 5वां स्थान पर आया है। यहां पर घूमने के लिए बहुत कुछ है, इसलिए आप वीकेंड्स के दौरान ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। 3 दिन की ट्रिप के लिए बनाएं प्लान, इन जगहों करें एक्सप्लोर।**

राजस्थान में घूमने की बात आती है, तो सबसे पहले नाम आता है, चलो जयपुर घूमने चलते हैं। वीकेंड ट्रिप के लिए जयपुर से अच्छी कोई डेस्टिनेशन नहीं है। जयपुर एक ऐसा शहर है, जहां पर प्रकृति, इतिहास और संस्कृति का परफेक्ट मेल देखने को मिलता है। इस शहर में आप ऐतिहासिक महल, किले, रॉयल लाइफ और लोकल मार्केट को एक्सप्लोर कर सकते हैं। 2025 में जयपुर दुनियाभर के टॉप शहरों की लिस्ट में 5वां स्थान पर आया है। यहां पर घूमने के लिए बहुत कुछ है, इसलिए आप वीकेंड्स के दौरान ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। 3 दिन की ट्रिप के लिए बनाएं प्लान, इन जगहों करें एक्सप्लोर।

**जयपुर में पहला दिन**

ट्रिप के पहले दिन की शुरुआत आप जलमहल के शांत और खूबसूरत व्यू के साथ कर सकते हैं। सुबह की हल्की रोशनी इस जगह को बेहद खास बना देता है। इसके बाद पन्ना मीना कुंड देखने जाएं। इस कुंड में आपको पुरानी राजस्थानी बनावट के साथ शांत माहौल में समय बिताने का मौका मिलेगा। फिर आप यहां से आमेर फोर्ट जाएं, जहां आपको एकदम रॉयल फील जैसा लगेगा। अमेर फोर्ट बेहद ही सुंदर है, जिससे देखकर आप राजा-महाराजाओं की याद में खो जाएंगे। अब आप थोड़ा आराम कर लें। इसके बाद शाम को जगतशिरोमणि मंदिर जाएं और शांत माहौल में कुछ समय बिताएं। फिर आपको सबसे आखिरी में चोखी धानी में स्वादिष्ट राजस्थानी खाना खाएं और पारंपारिक माहौल के साथ करें।

**ट्रिप का दूसरा दिन**

दूसरे दिन जयपुर में आप सिटी पैलेस जाएं, जहां आपको राजघराने की कला और रॉयल लाइफ की झलक देखने को मिलेगी। इसके बाद आप सीधा जंतर-मंतर जाएं। इसके बाद हवा महल की सैर करें और इसकी खूबसूरती को नजदीक से फील करें।

अगर आपके पास थोड़ा समय है, तो आप टैटू फैफे में बैठकर, जहां से आपको हवामहल की ऊंचाई देखने को मिलेगी। ध्यान रहे कि शाम होने से पहले नाहरगढ़ फोर्ट पहुंच जाएं क्योंकि यहां से दिखने वाला सूर्यास्त यात्रा की सबसे खूबसूरत यादों में से एक बन जाएगा। यदि आपको समय मिले तो वापसी में रात के समय हवामहल को बाहर से देखें, रात की रोशनी में बहुत ही सुंदर नजर आता है।

**ट्रिप का तीसरा**

तीसरे दिन सबसे पहले आप पत्रिका गेट और तोरण द्वार जरुर देखने जाएं। यहां की रंगीन दीवारें और सुंदर डिजाइन फोटो लेने के लिए एकदम परफेक्ट जगह हैं। फिर आप अल्बर्ट हॉल म्यूजियम जाएं, जहां आपको राजस्थान की कला, इतिहास और कई अनोखी चीजें देख सकते हैं। इसके बाद आप, यहां से गलताजी मंदिर जाएं, जो पहाड़ियों के बीच बना एक शांत और पवित्र स्थान है। अगर आप और घूमना चाहते हैं, तो गेटोर की छतरियों की ओर जाएं, जहां आप राजस्थानी वास्तुकला देखने के मिलेगी। ट्रिप के अंत में आप बापू बाजार में शॉपिंग कर सकते हैं।

## सर्दियों में रोमांचक ट्रैकिंग का नया ठिकाना, हर की दून वैली में मिलेगा सुकून और बर्फबारी का जादू, बनाएं घूमने का प्लान



उत्तराखंड की हर की दून वैली सर्दियों में रोमांचक ट्रैकिंग के लिए नया ठिकाना बन उभरी है, जहां बर्फबारी का जादू और मनमोहक दृश्य पर्यटकों को खूब भा रहे हैं। यह खूबसूरत घाटी, जिसे स्वर्ग का रास्ता भी कहा जाता है, ट्रेकिंग के शौकीनों को एक अविस्मरणीय विंटर अनुभव प्रदान करती है। भारत में घूमने के लिए जगहों की कमी नहीं है। कुछ लोगों को पहाड़ों पर घूमने का क्रेज होता है और कुछ लोगों को सुकून भरे बीच पसंद होते हैं। कई लोगों को सर्दियों के मौसम में ट्रैकिंग करना बेहद पसंद होता है। लोग ठंड के मौसम में स्नोफॉल, बर्फीले पहाड़, बर्फ की सफेद चादर से ढके रास्ते, सर्द हवाएं और शांत वातावरण मन को सुकून पहुंचाते हैं। अगर आप लाइफ अलग अनुभव करना चाहते हैं, तो आप उत्तराखंड की हर की दून घाटी जरुर जाएं।

**कहां पर स्थित है हर की दून वैली?**

आपको बता दें कि, हर दून एक 'क्रेडल-शेप्ड' यानी पालने जैसी वैली है, जो कि गोंविंद बल्लभ पंत नेशनल पार्क के बीच बसी हुई है। ये जगह समुद्र तल से करीब 3566 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और उत्तरकाशी जिले के गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में आती है। चारों ओर बर्फ से ढकी चोटियां और शांत वातावरण किसी स्वर्ग से कम नहीं है।

**इस जगह से जुड़ी है पौराणिक कथा**

यह वही स्थान माना जाता है, जहां पांडवों में सबसे बड़े युधिष्ठिर ने स्वर्गारोहिणी पर्वत से स्वर्ग की ओर प्रस्थान किया था। इसी कारण इस घाटी को स्वर्ग का रास्ता भी कहा जाता है। रास्ते में पड़ने वाले ओसला, गंगाड़ और धातमीर जैसे गांवों को लगभग 3000 साल पुराना बताया जाता है। यहां के लोग आज भी अपनी पारंपरिक जीवनशैली में रचे-बसे हैं और आधुनिक तकनीक से काफी हद तक दूर रहते हैं।

**हर दून की खासियत क्या है?**

हर दून वैली में नेचर के हर रंग देखने को मिलते हैं। विंटर में यह जगह बर्फ से ढक जाती है। अगर आप भी बर्फीले ट्रैक का मजा लेना चाहते हैं, तो सर्दी का समय सबसे बेहतर है। यह जगह गोविंद पशु विहार वन्यजीव अभयारण्य के अंदर आती है। यहां पर ट्रैकिंग के दौरान पक्षी और जंगली जानवरों की झलक देखने को मिल जाएगी। यहां ट्रैक आसान बेहद ही आसान माना जाता है। जो भी नए ट्रैकर्स यहां पर जरुर जाएं। घने जंगल, थामसा नदी के किनारे और लकड़ी के पुराने पुलों से गुजरता हुआ ये ट्रैक आपको किसी फिल्म के सेट जैसा एहसास कराता है।

**कब जा सकते हैं हर की दून वैली?**

यदि आप हर की दून वैली में ट्रैकिंग करना चाहती हैं, तो आप दिसंबर से मार्च तक समय बेस्ट होता है। इस दौरान बर्फ से ढके पहाड़ बहुत ही सुंदर लगते हैं। यहां नजर स्वर्ग से कम नहीं है। अगर आप यहां जाने का प्लान बनाएंगे, तो इसके लिए आपको 6-7 दिन का समय लग सकता है। यहां ट्रैकिंग के अलावा, कैंपिंग और फोटोग्राफी कर सकते हैं।

**कैसे पहुंचे**

**- हवाइ मार्ग-** अगर आप हर दून वैली जाना चाहते हैं, तो देहरादून का जॉली ग्रांट एयरपोर्ट सबसे पास है।

**- रेल मार्ग-** देहरादून रेलवे स्टेशन से सड़क मार्ग होकर पुरोला या तलुका गांव तक पहुंच सकती हैं, जो ट्रैक की शुरुआत का प्वाइंट है।

**- सड़क मार्ग-** उत्तराखंड के बड़े शहरों से बस या टैक्सी के जरिए पुरोला तक आसानी से पहुंचा जा सकता है।

**हर की दून ट्रैवल टिप्स**

- हर की दून ट्रेक भले ही आसान लग रहा हो में, लेकिन इसकी लंबी दूरी इसे थोड़ा चुनौतीपूर्ण बना देती है। इसलिए ट्रेक पर जाने से पहले शरीर का फिट होना और हल्का-फुल्का वार्मअप करना जरूरी है।
- अगर आपको अपना बैग उठाने में दिक्कत होती है, तो ट्रेकिंग सीजन में आसानी से उपलब्ध खच्चरों की मदद ले सकती हैं।
- इसके साथ ही, रास्ते में किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए एक अनुभवी गाइड साथ रखना सबसे बेहतर रहता है, क्योंकि गाइड न सिर्फ रास्ता अच्छी तरह जानता है बल्कि आपको भटकने से भी बचाता है।


कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड 2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
डॉ. शेखर पुरी
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी, OCD याददाश्त कमजोर होना, सिजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170